## सार-समाचार

### राजस्थान वुशु टीम जम्मू कश्मीर रवाना

**जालोर**, (कासं)। 69 वीं एस.जी.एफ.आई.राष्ट्रीय स्तरीय वुशु विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता 28 अक्टूबर से 1 नवंबर तक जम्मू कश्मीर श्रीनगर मैं आयोजित होगी। प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना हुई। राजकीयउच्च माध्यमिक विद्यालय रोपसी के राष्ट्रीय निर्णायक कोच ललित कुमार ने बताया कि टीम का अंतिम चयन 17 व 18 अक्टूबर किया गया तथा 22 से 25 अक्टूबर प्रशिक्षण दिया गया। बालिका वर्ग में 45 किलो भारवर्ग में गायत्री पुनिया 48 किलों में किस्मत, 52 किलों में इशिता चौधरी, 56 किलो में नोजल, 60 किलों में हिमानी, 65 किलो अलमास, 70 रिया मिश्रा कोच बिंदु बाला, मैनेजर शबाना बालक वर्ग में 45 किलों भारवर्ग में खुशदीप, 48 किलो भारवर्ग में लक्षित, 52 किलो भारवर्ग में देवांश, 56 किलो भारवर्ग में मनीष, 60 किलों भारवर्ग में आदित्य सिंह राजपुरोहित, 65 किलों भारवर्ग में रेवत राम, 70 किलों भारवर्ग में मानवेंद्र सिंह, 75 किलो भारवर्ग में अंशुमन, 80 किलो में प्रिंस शर्मा में भाग लेंगे। बालक वर्ग के टीम कोच ललित कुमार, मेनेजर राम अवतार, चीप डे मिशन कमलेश कुमार टीम के साथ मूनसिंह राठौड,खेल प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय जालोर फूलचंद, दानाराम, लेखराम रहेंगे। उपनिदेशक रामसिंह मीणा,जिला शिक्षा अधिकारी भंवर लाल परमार , अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र परमार, खेल प्रभारी निदेशालय आर के छंगाणी, हेमाराम जाट अतिरिक्त प्रशासनिक आधिकारिक (खेलकूद), खेल प्रेमी हरीश पुरोहित विक्रम पुरोहित, रूडाराम देवासी, समस्त स्टाफ रोपसी जिला वूशु संघ के सचिव कन्यालाल, अध्यक्ष शिवदत्त शर्मा , कोच प्रीतम सिंह सहित उपस्थित ग्रामवासी ने शुभकामनाएं दी।

### छठ महापर्व की संध्या आराधना संपन्न

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर में छठ महापर्व की संध्या आराधना सोमवार को भक्ति और आस्था के वातावरण में सम्पन्न हुई। व्रतधारी महिलाओं ने सूर्य देव की उपासना करते हुए डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया तथा परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। यह अवसर भारतीय लोकसंस्कृति में श्रद्धा, शुद्धता और सामूहिक एकता का प्रतीक माना जाता है। छठ पर्व सूर्य उपासना का एकमात्र ऐसा पर्व है जिसमें प्रकृति, जल, वायु, अग्नि और जीवन के संतुलन के प्रति आभार व्यक्त किया जाता है। व्रतधारिणी महिलाएँ चार दिन तक अत्यंत संयम, शुद्धता और निष्ठा के साथ व्रत का पालन करती हैं। आज की संध्या को डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पण कर भक्ति का चरम रूप देखा गया। जबकि कल प्रातः उगते सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व का समापन होगा। छठ की पूजा में मिट्टी के सोप, बाँस के दौरे और सूप में सजे प्रसाद की विशेष भूमिका होती है। पारंपरिक प्रसाद में ठेकुआ, मीठा चावल, फल, नारियल, अदरक और गन्ना शामिल रहते हैं, जो न केवल पूजन सामग्री हैं बल्कि शुद्धता और परिश्रम के प्रतीक भी हैं। छठ गीतों की गूंज ने पूरे वातावरण को लोकधुनों से भर दिया। इन गीतों के माध्यम से पीढियों से चली आ रही पूर्वांचली परंपरा और मातृशक्ति की आराधना की झलक देखने को मिली। छठ पर्व केवल एक धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि मानव और प्रकृति के अटूट संबंध का उत्सव है। यह पर्व व्यक्ति में अनुशासन, संयम, समर्पण और सामूहिकता की भावना को सशक्त करता है। आज की संध्या आराधना ने इस परंपरा की गरिमा और लोकआस्था को और प्रगाढ़ बनाया।

### आयुक्त अशोक कुमार ने हालात जाने

**जालोर**, (कासं) । जालोर शहर की स्वच्छता, स्ट्रीट लाईट व्यवस्था और सीवरेज प्रणाली की समस्याओं का समाधान करने के लिए आयुक्त अशोक कुमार शर्मा का शहर भ्रमण और संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। जालोर नगर परिषद के आयुक्त आशोक कुमार शर्मा ने सोमवार को शहर का विस्तृत भ्रमण किया, जिसमें उन्होंने सैनिटरी व्यवस्था, सडक प्रकाश व्यवस्था और सीवरेज प्रणाली की स्थिति का जायजा लिया। इस भ्रमण के दौरान शहर में सीवरेज लीकेज, टूटे मैनहोल ढक्कन, खराब स्ट्रीट लाइट्स और स्वच्छता से संबंधित समस्याओं को गंभीरता से देखा गया। भ्रमण के उपरांत आयुक्त ने तकनीकी अधिकारियों को इन समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए सख्त निर्देश जारी किए, ताकि आमजन को हो रही असुविधाओं का शीघ्र निवारण हो और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित हो। सफाई व्यवस्था को लेकर आयुक्त ने नियमित सफाई कराने एवं कचरा संग्रहण प्रणाली के उन्नयन और जलजमाव रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, जालोर शहर को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। संबंधित जोन के सफाई निरीक्षक एवं जमादार इन निर्देशों का कडाई से पालन करें, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी। रोड लाईट व्यवस्था के संबंध में, आयुक्त ने संबंधित फर्म के प्रतिनिधि को रोशनी व्यवस्था सूचारू रूप से रखने के लिए पाबंद किया गया। आयुक्त अशोक कुमार शर्मा ने शहरवासियों से भी अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग करें और किसी भी शिकायत के लिए नगर परिषद को अवगत करवाये।

### राजू शेख का दंताला शरीफ में सम्मान

**जालोर**, (कासं)। सिलावट समाज जालोर ने दरगाह सुल्तान शाह वली दंताला शरीफ गढ़ सिवाना में समाज के शिक्षाविद राजू शेख के व्याख्याता से उप प्रधानाचार्य के पद पर पदोन्नति होने पर सम्मान किया गया। दरगाह परिसर मे राजूशेख के पदोन्नति पर साफा, माला व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। समारोह मे शेख ने कहा कि समाज के बच्चों को अधिकाधिक शिक्षित करें। उन्होंने बच्चों को शिक्षित होकर समाज व प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कही। वहीं समाज सेवी सीनियर नर्सिंग आफिसर शहजाद खान ने कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात की समाज के शिक्षाविद राजू शेख उप प्रधानाचार्य के पद पर आसीन हुए। उन्होंने समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र मे आगे बढने की नसीहत दी। और समाज के बालक बालिकाओ के शिक्षा पर जोर दिया। इससे पूर्व दंताला दरगाह की जियारत कर देश मे अमन चैन खुशहाली व आपसी भाई चारा की दुआ मांगी। इस दौरान. लियाकत अली ,अयूब शेख, मुस्ताक खान, रशिद खान, सिराजुद्दीन खान, सलीम जावेद, हिदायत खान, असलम शेख, जानशेर खान, जाकिर खान , साबिर खान,रूबाब खान, रफीक मोहम्मद, रफीक खान, इरफान खान, मजीद खान, जहांगीर खान, अमीर शेख ,परवेज खान,, वसीम खान जुनैद खान, कलीम अशरफ, रूहान, हुमायूं, नौशीन आदि मौजूद थे।

### रांकावत प्रीमियर लीग फाइनल आज

**पाली**, (नि.सं.)। श्री रांकावत विकास समिति पाली एवं समस्त गोडवाड़ रांकावत समाज के युवाओं की क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह आज होगा। प्रतिवर्ष होने वाली प्रतियोगिता इस वर्ष 24 से 28 अक्टूबर तक हो रही हैं। मीडिया प्रवक्ता धर्मेंद्र बोरावड ने बताया कि सोमवार को दो सेमी फाइनल मैच कनक टीम पाली और रॉयल पुणे के बीच हुआ। जिसमें पाली विजेता रही, इसी प्रकार रॉयल बिरामी और अहमदाबाद के बीच मैच में बिरामी की टीम विजेता रही। 28 अक्टूबर को प्रतियोगिता का समापन समारोह सेंचुरी गार्डन के पास सुमेरपुर रोड में आयोजित होगा। मुख्य अतिथि बाबुलाल नानेचा राष्ट्रीय अध्यक्ष अ.भा. रा. बा. सभा दिल्ली मगाराम गोयल (आहोर), ओमप्रकाश शर्मा (पूर्व डीटीओ पाली), महावीर प्रसाद हनुमानगढ़, गोपाल शर्मा, अशोक, अनु हनुमानगढ़ होंगे।

### जिला स्तरीय पदयात्रा 31 को

**जालोर**, (कासं)। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर अखिल भारतीय जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेश मेवाड़ा ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में केन्द्रीय युवा मंत्रालय और खेल मंत्रालय ने 6 अक्टूबर से 2 महीने तक राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। इस श्रृंखला में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पर अखिल भारतीय जिला स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया जायेगा। इस पदयात्रा में माई भारत केन्द्र, जिला युवा सेवा प्रदाता, भारत स्वयंसेवकों, एनएसएस, एनसीसी व बीएसजी इकाईयों सहित स्कूलों, कॉलेजों व स्थानीय युवा संगठनों इत्यादि की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

### अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया

**जोधपुर**, (कासं)। कार्तिक लाभ पंचमी को मंडोर, गणपति विहार विकास समिति की और से कॉलोनी में स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण मे कॉलोनी वासियों की और से अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। समारोह क्षेत्र के भक्तजनों ने उत्साह से भाग लिया। सायं 5 बजे मंदिर मे ठाकुरजी के आगे 121 से ज्यादा व्यजनों का भोग लगाया गया। जिसकी झांकी मंदिर मे सजाई गई। तत्पश्चात भजनों और भक्ति गीतों का गायन अनवरत जारी रहा।भजनों के साथ ठाकुरजी को अन्नकूट का भोग समर्पित किया गया। तत्पश्चात परंपरागत आरती के बाद सभी ने सामूहिक रूप से पंगत में एक साथ बैठ कर प्रसादी ग्रहण की।

# नर्मदा पेयजल परियोजना सहित जल कार्यों की समीक्षा

**जालोर**, (कासं)। जल जीवन मिशन के तहत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की 40वीं बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने ओटीएमपी एवं नर्मदा पेयजल परियोजना के प्रोजेक्ट की समीक्षा कर नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चैधरी को लक्ष्यानुसार अधिकतम मासिक नल कनेक्शन जोड़ने तथा पाईपलाईन टेस्टिंग के बाद रोड रिपेयरिंग कार्य के लिए संबंधित संवेदकों से टीम बढ़ाकर कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जालोर शहर व आहोर शहर के लिए अमृत 2.0 योजनांतर्गत कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। जिला कलैक्टर ने नर्मदा के अधीक्षण अभियंता लिच्छूराम चैधरी को एफआर व ईआर प्रोजेक्ट के उच्च जलाशय निर्माण के कार्यो को शीघ्र पूरा करने के लिए संवेदकों से टीमें बढाने पर जोर दिया। उन्होंने ईआर प्रोजेक्ट के संवेदक की प्रगति की समीक्षा के दौरान नल कनेक्शनों की गति बढ़ाने की बात कही। उन्होंने मोदरा में पम्पहाउस निर्माण के लिए पुरानी पाईपलाईन शिफ्टिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए नर्मदा प्रोजेक्ट में उच्च जलाशय निर्माण के लिए भूमि आंवटन के प्रकरणो की समीक्षा की।

उन्होंने डीआर प्रोजेक्ट, ईआर प्रोजेक्ट व एफआर प्रोजेक्ट में नल कनेक्शनों को जोड़ते हुए एमआईएस पर एफएचटीसी का इन्द्राज पूर्ण जिले की प्रगति में सुधार करने के लिए संबंधित नर्मदा परियोजना के अधिशासी अभियंताओ को निर्देश दिए तथा ग्राम पंचायतों में नवीन एफटीके किट्स शीघ्र उपलब्ध करवाने के लिए आईएसए एजेन्सी का सहयोग लेकर वितरित करने तथा बैक्टीरिया जांच के सैम्पल बढाने के निर्देश दिए।

बैठक में डीडब्ल्यूएसएम के सदस्य सचिव व पीएचईडी जालोर के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा ने पूर्व बैठक की पालना रिपोर्ट की जानकारी दी तथा जल जीवन मिशन की प्रगति रिपोर्ट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए बताया कि जिले में नर्मदा परियोजना के डीआर, ईआर, एफआर, सीलू जैसला भाटकी तथा ओटीएमपी योजनाओं के अंतर्गत जिले के 793 गांवों के घरों में कुल 3,17,283 नल कनेक्शन दिये जाने प्रस्तावित है। इसमें वृहद परियोजना अंतर्गत 3,03,982 लक्ष्य की तुलना में 1,44,314 तथा ओटीएमपी योजनाओं अंतर्गत 13,301 लक्ष्य की तुलना में 11,890 तक नल कनेक्शन जोडे.जा चुके हैं।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी, डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता माधाराम मेघवाल, भ-ूजल विभाग से गणपतलाल, जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता विजेश कुमार बालेसा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई, पीएचईडी खण्ड जालोर के अधिशासी अभियंता राजकुमार कटारा, वृत जालोर से राजेश कुमार, पीएचईडी खण्ड भीनमाल से भूरसिंह मीणा, परियोजना खण्ड सांचौर के अधिशासी अभियंता गिरीश कुमार जैन, अधिशासी अभियंता परियोजना खण्ड जालोर धर्मचंन्द सोनी, सहायक अभियंता दिगम्बर सिंह, बीएन शर्मा, जितेन्द्र कुमार, जिला सलाहकार डीएसयू दीपक कुमार, आईएसए से उमाकांत शर्मा, टीपीआई जेजेएम से बी.एस.यादव तथा पीएचईडी परियोजना के संवेदका इत्यादि उपस्थित रहे।

जिला कलैक्टर ने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त परिवेदनाओं को विभागवार समीक्षा की तथा विभागीय अधिकारियों को संपर्क पोर्टल पर प्राप्त आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित रूप से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में राज्य सरकार के निर्देशानुसार ग्राम एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाली जनसुनवाई एवं समाधान व्यवस्था शिविर की समीक्षा करते हुए कहा कि विभागीय अधिकारी जनसुनवाई के दौरान जिले के नागरिकों की परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त 30 दिन से लंबित परिवेदनाओं पर विशेष ध्यान देते हुए त्वरित रूप से निस्तारण करने की बात कही।

# हमको भावों में विरक्ति लानी है : सुमति मुनि

**जोधपुर**, (कासं) । चौरड़िया भवन में विराजित सुमति मुनि ने सोमवार को अपने प्रवचन में कहा कि हमको भावों में विरक्ति लानी है। आसक्ति को हटाने का अचूक उपाय वैराग्यमय संयम है।

श्रावक श्राविकाओं से ज्ञान चर्चा करते मुनि ने कहा कि राग खतरनाक है लेकिन द्वेष उससे भी ज्यादा खौफनाक है। हमको आहार एकेंद्रिय से लेकर पंचेंद्रिय जीवों के सहयोग से मिला है। एकेंद्रिय को कष्ट पहुंचाकर विराधना की तो यह पाप तो मिच्छामि दुक्कडं तथा प्रतिक्रमण से निष्फल हो जाता है, लेकिन इन जीवों की आसक्ति पूर्वक हिंसा विराधना करने से गाढें चिकने कर्म बंघते है, इससे मोहनीय कर्म का गाढ़ बंधन होता है। जिससे छूटना संभव नहीं है। हम संतो का आहार गवेष्णा में अचित पदार्थ ही बहराते है, लेकिन उसमें भाव शामिल हो जाय कि यह पदार्थ मेरे परिवार के काम आता तो अचित वस्तु होती हुए भी सचित बन जाती है। मुनि भगवंत उसे ग्रहण नहीं करेंगे। हमको भावों में विरक्ति लानी है।आसक्ति को हटाने का अचूक उपाय वैराग्यमय संयम है।

इससे पूर्व साध्वी ने अपने प्रवचन में कहा कि काजल में कुछ दिखाई नहीं देता। जब हम दर्पण में देखते है तब काजल दिखता है। जहां जुड़ाव है वहां बंधन है, आप सामायिक करते हो उसमें मन नहीं लगता तो विचार करते हो कि मन नही लगे तो सामायिक से क्या फायदा, यह चिंतन गलत हैं। इसमें आपका विकार, दोष दिख रहा है। जिस समय अपने दोष ,गलती का पत्ता लगे तो यह समय सामायिक बढ़ाने का अवसर है।

उन्होंने कहा कि आप सधे हुए चले, सधे हुए बोले, सधे हुए आहार का सेवन करे । कहां चलना, कहा रुकना यह आपके ध्यान में रहना चाहिये भोजन में विसंगत पदार्थ का सेवन नहीं करे। बोले तो सही जगह पर सही बोले। एवं जहा नहीं बोलना है वहाँ नहीं बोले। सही जगह पर सही बोलना संयम है। आप ऐसा कार्य नहीं करे जिससे राग, आसक्ति बढे। आसक्ति से राग बढ़ता ह, वहीं राग द्वेष में बदलता है।

संघ अध्यक्ष देवराज बोहरा, मंत्री माणकराज ललवानी तथा अशोक बोहरा ने बताया कि आज सोजत सिटी से श्रावक श्राविकाओं का संघ चौरड़िया भवन पहुंचा तथा ने गुरुदेव के दर्शन वन्दना के बाद चरणों में आगामी चार्तुमास सोजत सिटी में करने का अनुरोध किया। संचालन राजेन्द्र लुणिया ने किया।

# दूदवा उप तहसील व जिला रसद कार्यालय का निरीक्षण

**बालोतरा**, (निसं)। जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने आज जिले के दूदवा उप तहसील कार्यालय और जिला रसद अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर प्रशासनिक व्यवस्थाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की गहनता से जांच की।

सिवाना उपखंड के अंतर्गत दूदवा उप तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिला कलैक्टर यादव ने कार्यालय के कामकाज, रिकॉर्ड संधारण और राजस्व मामलों के निस्तारण की गति का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि उप तहसील में आने वाले प्रत्येक नागरिक को त्वरित और पारदर्शी सेवाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से लंबित राजस्व मामलों को जल्द से जल्द निपटाने पर जोर दिया ताकि किसानों और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे ग्रामीण सेवा शिविरों में प्राप्त आवेदनों का फॉलो-अप करते रहें।

इसके बाद जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव ने जिला रसद कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने रसद विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों से राशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने और लाभार्थियों को समय पर गुणवत्तापूर्ण राशन उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने ई-पॉस मशीनों के माध्यम से वितरण की स्थिति और किसी भी तकनीकी समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होने पात्र लाभार्थियों के नाम जोड़ने और अपात्रों के नाम हटाने की प्र या की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होने निर्देश दिये कि गिव अभियान का व्यापक प्रचार प्रसार करें, साथ ही उत्तरोत्तर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राशन वितरण संबंधी शिकायतों का त्वरित और प्रभावी निस्तारण करें। लगातार राशन डीलर की दुकानों का निरीक्षण करें और कालाबाजारी या अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## गीता सत्संग भवन में अन्नकूट

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में चल रहे अन्नकूट महोत्सव की कड़ी में आज सोमवार को गांधी मूर्ति स्थित गीता सत्संग भवन में अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

गीता भवन के परमअध्यक्ष प्रेमानंद स्वामी ने बताया कि अन्नकूट में 30 क्विंटल सब्जी एवं फलों का पाक बनाकर ठाकुर जी का भोग लगाया। साथ ही साथ 56 व्यंजन भी ठाकुर जी को अर्पित किए गए। सायंकाल 8:00 बजे आरती के पश्चात हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

पुजारी जगन्नाथ, किशन सिंह, जय नारायण अरोड़ा, शिवलाल लोहार के नेतृत्व में मालवीय लोहार समाज की टीम ताराचंद, खीमजी राजू भाई, महेंद्र मालवीय का सहयोग रहा।

इसी प्रकार 29 अक्टूबर को भेरू घाट बालाजी मंदिर, 31 को चादर वाले बालाजी मंदिर मे अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा।

# पहचान पोर्टल के आवेदनों का निस्तारण करें : डॉ.प्रदीप गांवडे

**जालोर**, (कासं)। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं तत्संबन्धी राज्य नियम 2000 के अंतर्गत जन्म और मृत्यु की घटनाओं के क्रियान्वयन एवं रजिस्ट्रकरण कार्य के मूल्यांकन करने तथा रजिस्ट्रीकरण के क्रियान्वयन के समन्वयन, पुनरावलोकन तथा रजिस्ट्रीकरण कार्य के सुधार के लिए गठित जिला अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने निर्देशित करते हुए कहा कि जन्म-मृत्यु एवं विवाह पजीयन के पहचान पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पर प्राप्त होने के उपरांत निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पंजीकृत घटनाओं के लम्बित ई-साईन करने के भी निर्देश प्रदान किए। बैठक में जिला रजिस्ट्रार(जन्म-मृत्यु) एवं उपनिदेशक डॉ. धनसिंह राजपुरोहित ने जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन की घटनाओं के पंजीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा विकसित "पहचान पोर्टल" की जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि संबंधित रजिस्ट्रारों द्वारा इसी पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया जा रहा है। पंजीयन के लिए आमजन, ई-मित्र अथवा स्वयं पहचान पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन कर सकते हैं।

इस अवसर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भैराराम जाणी, चिकित्सा विभाग के उपनिदेशक डॉ. कमलेश मीणा, जिला रसद अधिकारी अलोक झरवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक कुमार विश्नोई, नगर परिषद के आयुक्त अशोक कुमार शर्मा, नगरपालिका सांचौर के अधिशासी अधिकारी त्रिकमदान चारण, सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग के संयुक्त निदेशक कपिल लूणा सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आफरी में सर्तकता जागरूकता सप्ताह

**जोधपुर**, (का.सं.)। भावाअशिप-शुष्क वन अनुसंधान संस्थान जोधपुर (आफरी) में आज सतर्कता जागरूकता सप्ताह (27अक्टूबर से 2 नवम्बर , 2025) का शुभारम्भ किया गया। सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी थीम पर आधारित इस सप्ताह के आरम्भ में आफरी निदेशक डॉ. आशुतोष कुमार त्रिपाठी ने सभी कार्मिको को शपथ दिलवाई इसी क्रम में सतर्कता अधिकारी डॉ . संगीता सिंह ने सप्ताह पर्यंत होने वाले विभिन्न कार्यकर्मो की जानकारी प्रदान की।

साइबर हाईजीन एवं सिक्योरिटी पर पुष्पेन्द्र सिंह , आर.पी.एस. साइबर क्राइम द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। जिसमें सिंह द्वारा विस्तृत रूप से एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड, वेबसाइट कार्यो, ऑनलाइन शोपिंग, नेट बैंकिंग, बिलों के भुगतान, फ़ास्ट टैग उपयोग, डिजिटल अरेस्ट एवं इन्टरनेट एप से साइबर क्राइम एवं बचाव के रोकथाम आदि के बारे में समझाते हुए इनके उचित समाधान को लेकर शिकायत हेल्प लाइन 1930, संचार साथी एप्प, टू वे ऑथेंटिकेशन आदि के उपयोग को समझाने के साथ सम्पर्क समूह में प्रचार प्रसार का आहवान भी किया।

# योजनाओं व ग्रामीण सेवा शिविर को गति देने के निर्देश

पाली, (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में जिला कलैक्टर कार्यालय में जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुयी। बैठक में जिला कलैक्टर मंत्री ने सेवा शिविरों, फलैगशिप स्कीम व बकाया भूखंड आवंटन के लिये व ग्रामीण सेवा शिविर की समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही जिला कलैक्टर मंत्री ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों के आयोजन के मंशानुरूप ही आमजन को शिविर में ही सेवा व कामों का लाभ दिलावें। उन्होंने विभिन्न विभागों के फलैगशिप योजनाओं की भी समीक्षा की व प्रगति लाने के लिये व बकाया लम्बित कामों को निर्धारित अवधि में पूरा करने के लिये कहा ।

बैठक में मिनी किट वितरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना की प्रगति, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पेंशन सत्यापन, एसआईआर प्रांरभ होने के लिये आवश्यक राजकीय कार्मिको को निर्देश, भूखंड आवंटन के लिये, पंच गौरव में प्राप्त बजट के उपयोग, डीएमफटी के बकाया काम यूसीसी, सीसी भेजने व प्रस्ताव कैंसिल के लिये निर्देष, साथ ही एसडीआरफ के कार्य, चिकित्सा में मौसमी बिमारियां डेंगू, चिकनगुनिया आदि बांगड चिकित्सालय की व्यवस्थाओं व आगामी दिनों में होने वाले कामों के लिये, पशुपालन विभाग फएमडी, मंगला पशु बीमा योजना, अनुपयोगी भवनों के बारे में आवश्यक निर्देश, महिला एंव बाल विकास विभाग आंगनवाडियों के संबंध में, कृषि खाद वितरण, शिक्षा विभाग में निःशुल्क यूनिफार्म वितरण योजना विधालयों के बारे में, पेयजल, बिजली कुसुम योजना, पीडब्ल्यूडी के कामों, जल संसाधन विभाग में बांधो से पानी छोडने में व यूआईटी व नगर निगम के कामों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। इसके साथ ही माईनिंग, विश्वकर्मा योजना, डेयरी, राज्य सरकार की प्राथमिकता सुशासन व जनसुनवाई के बारे में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही सम्पर्क पर दर्ज प्रकरणों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये।

बैठक में डीएफओ बाला मुरूगन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, यूआईटी सचिव डॉ पूजा सक्सेना, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## डिजिटल वित्तीय साक्षरता कैंप लगा

**जालोर**, (कासं)। भारतीय स्टेट बैंक के वित्तीय साक्षरता परामर्श केन्द्र द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने तथा वित्तीय साक्षरता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज गोदन में डिजिटल वित्तीय साक्षरता कैंप में जिला अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक रमेश कुमार ने विद्यार्थियों प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं अटल पेंशन की जानकारी दी।

# संत लिखमीदास प्रकाश पर्व के बैनर का विमोचन

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा में माली समाज भवन गांधीपुरा में माली समाज विकास समिति की ओर से आयोजित होने वाले संत लिखमीदास महाराज के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में 14 दिवसीय विविध कार्यक्रमों के बैनर का विमोचन किया गया।

समिति के अध्यक्ष बाबूलाल गहलोत ने बताया कि प्रकाश पर्व के अवसर पर समाज में खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक लंबी श्रृंखला आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य समाज में एकता और प्रतिभा सम्मान को प्रोत्साहन देना है।

आयोजन की मुख्य झलकिया 14 दिनों तक चलने वाले इन आयोजनों में सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए प्रतियोगिताएं शामिल हैं, जिनमें प्रमुख है। खेलकूद- बैडमिंटन, वॉलीबॉल, दौड प्रतियोगिता, दादा-पोता रेस और महिलाओं के लिए चरवी रेस। सांस्कृतिक, साफा बांध प्रतियोगिता, मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता। शैक्षणिक, सामान्य ज्ञान, सुलेख एवं निबंध प्रतियोगिता। सामाजिक, चिकित्सा शिविर और वाहन रैली होगी।

बैनर विमोचन के अवसर पर नेमीचंद, माणक गहलोत, सांवलचंद पंवार, पारस परिहार, गोविंद सुंदेशा, मंगलाराम टांक, प्रेम पंवार, अशोक पंवार, वाघाराम पंवार, चौथाराम चौहान, चंदू, प्रेम पंवार, मुकेश गहलोत, अशोक, रामेश्वर, लूणचंद, मोहनलाल, मंगलाराम, बाबूलाल, नरेश, प्रेम, धर्माराम, रामपाल, शांति देवी, कंचन गहलोत, वर्षा, नारायणी देवी, प्रिया गहलोत, संतोष गहलोत, रेखा गहलोत सहित समाज के कई लोग शामिल थे।

# तेरापंथ युवक परिषद् के पूर्व अध्यक्षों का सम्मान

**पाली**, (नि.सं.)। तेरापंथ भवन में आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या साध्वी काव्य लता सानिध्य में तेरापंथ युवक परिषद पाली द्वारा पहली बार प्रमोद भावना समारोह 2025 का आयोजन किया गया।

वर्तमान अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा ने बताया कि यह कार्यक्रम तेरापंथ युवक परिषद के सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम का मंगलाचरण शिखर चंद चौरडिया व नरेश मंडोत ने किया। उसके बाद में अनिल भंसाली, बसंत सोनी मंडिया, राजेंद्र धोका, डूंगर चोपड़ा ने तेरापंथ युवक परिषद कार्यों व इतिहास के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील भंडारी जिला अध्यक्ष भाजपा व समाजसेवी अशोक तलेसरा थे।

सभा अध्यक्ष भुर चंद तातेड व अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा ने दुपट्टे के साथ स्वागत किया।

पीयूष चोपड़ा ने कहा कि युवा शब्द सुनते ही हर किसी में जोश आ जाता है उसके साथ जब तेरापंथ शब्द जुड़ जाये तो व जोश को दुगना हो जाता है। इस वर्ष की कार्यकारिणी ने यह निर्णय लिया कि सभी पूर्व अध्यक्षों का सम्मान करें व उनका आशीर्वाद लें, ताकि हमारा कार्यकाल सफल हो सके। इसी उद्देश्य के साथ प्रमोद भावना समारोह का कार्यक्रम रखा गया। अभी तेरापंथ युवक परिषद के 40 अध्यक्ष बन चुके हैं। पदमचंद गादिया इस परिषद के सर्वप्रथम अध्यक्ष थे। कुशल राज समदडिया लगातार 6 साल तक अध्यक्ष रहे। उसके बाद हर साल नए अध्यक्ष बने और उन्होंने तेरापंथ युवक परिषद को नए-नए आयाम देकर नहीं ऊंचाइयां प्रदान की।

मुख्य अतिथि सुनील भंडारी ने कहा कि कि हमने हर कार्यक्रम में 2-4 अध्यक्ष देखे हैं लेकिन एक साथ 40 अध्यक्षों का सम्मान करना एक गौरव का विषय है.

पाली में तेरापंथ युवक परिषद की एक अलग ही पहचान है उनके द्वारा लिए गए कार्य नए-नए इतिहास बनाता है। जिसका उदाहरण अभी 1 महीने पहले हुए रक्तदान महोत्सव का है जिसमें पाली यवक परिषद ने 1112 यूनिट कर एक नया इतिहास बनाया है।

साध्वी काव्या लता ने कहा कि प्रमोद भावना समारोह कार्यक्रम एक शानदार कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम हमने भी पहली बार देखा है तथा एक साथ 40 अध्यक्षों का शामिल होना बहुत बड़ी बात है। आज के समय आशीर्वाद का महत्व खत्म हो चुका है, लेकिन अध्यक्ष पीयूष चोपड़ा ने सभी अध्यक्षों का आशीर्वाद लेने के लिए जो कार्यक्रम रखा, वह सराहनीय कार्यक्रम है। इनका उद्देश्य भी अच्छा है कि सब के आशीर्वाद से इनका कार्यकाल सफल रहे। इनकी मार्गदर्शन पर चलकर तेरापंथ युवक परिषद नई ऊंचाई प्रदान करें। सभी पूर्व अध्यक्षों का दुपट्टा साहित्य व मोमेंटो के साथ स्वागत व सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में डूंगर चंद्र चोपड़ा बिना अध्यक्ष रहे हुए भी उनकी सेवाओं को देखते हुए उन्होंने 10 साल तक तेरापंथ युवक परिषद के मंत्री 20 साल तक तेरापंथ सभा के मंत्री के रूप में अपनी बहुत सी सेवाएं दिए और आज भी दे रहे हैं, उन्हें भी सम्मानित कर उनसे भी आशीर्वाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में वर्तमान कार्यकारिणी टीम लगी रही। मंच संचालन विनोद भंसाली ने किया।

# अस्तांचलगामी सूर्य की पूजा

**पाली**, (नि.सं.)। बिहार सेवा समिति की ओर से सूर्य उपासना का पर्व महा छठ पूजा मंगलवार को लाखोटिया तालाब के महा छठ घाट पर शाम 5.45 बजे सूर्यास्त के समय अस्तांचलगामी सूर्य को अर्क देकर मनाया।

चार दिवसीय इस पूजा में पहले दिन नहाए खाए के पूजा शुरू हुई, दूसरे दिन खरना पूजा और आज तीसरे दिन सूर्यास्त पर भगवान की पूजा के लिए शाम 4 के बाद बैंड बाजा के साथ सैकड़ो बिहार समाज के लोग महिलाएं सज धज कर सिर पर डाला उठाकर लाखोटिया तालाब के महा छठ घाट पहुंचे। जहां जिसमें फल फ्रूट, पूजा की सामग्री, मिठाई आदि साथ लाकर घाट पर पानी में गन्ना लगा कर डाला सजाया जाता है। पूजा सामग्री सजाकर दीपक जलाकर पुष्प आदि अर्पण कर घुटनों तक पानी में खड़े होकर सूर्यास्त का इंतजार किया। सूर्यास्त होने पर भगवान सूर्य देव को जल का अर्क दिया गया। वहीं छठी मैया के भजन चलते रहे। दीपक जलाकर आतिशबाजी की गई।

# 'नकल की रोकथाम एवं पारदर्शिता प्राथमिकता'

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज की अध्यक्षता में आगामी 2 नवम्बर को आयोजित होने वाली ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा-2025 की पूर्व तैयारियों तथा अन्य परीक्षाओं के आयोजन को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तार से चर्चा कर समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि नकल की रोकथाम एवं निष्पक्ष शुचिता पूर्ण परीक्षाओं का आयोजन राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की प्राथमिकता है। उन्होंने परीक्षाओं में सीसीटीवी कैमरे लगवाने, बायोमैट्रिक जाँच, मेटल डिटेक्टर जांच व फ्रिस्किंग सहित नकल रोकथाम के लिए सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की बात कही। बैठक में परीक्षाओं के निष्पक्ष, पारदर्शी व सफल आयोजन के दृष्टिगत बोर्ड द्वारा किए जा रहे नवाचार एवं सुरक्षा उपायों पर चर्चा की गई। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेश मेवाड़ा ने ग्राम विकास अधिकारी भर्ती परीक्षा- की तैयारियों को लेकर अवगत करवाया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश विश्नोई, जालोर उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी, उप पुलिस अधीक्षक गौतम जैन, कोषाधिकारी भूपेन्द्र मकवाना आदि उपस्थित रहे।

**नोटिस तारीख पेशी**

अज अदालत, उपखण्ड अधिकारी मुकाम जालोर

प्रार्थी अप्रार्थी

दीपाराम बनाम चेलाराम वगैरा

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या - 152/2025

बाबत् 251(A)राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

बनाम

1. चेलाराम पुत्र हिमताराम जी, 2. छोगा पुत्र रावता, फौत के कायम मुकाम वारीशान 2/1. पूराराम पुत्र छोगाजी, 2/2. गोपाराम पुत्र छोगाजी, 2/3. जोराराम पुत्र छोगाजी, 2/4. पाबुदेवी पत्नी छोगाजी, 2/5. चुन्नीदेवी पुत्री छोगाजी 3. जुठाराम पुत्र हिमता, 4. मसरिया पुत्र रावता, 5.मोनाराम पुत्र हिमता, जातियान - कलबी, 6. ओटीदेवी पत्नी बगदा, 7. गणेशाराम पुत्र मंगना, 8. जूठाराम पुत्र मंगना, 9. दिनेश कुमार पुत्र बगदा, 10.नारायणलाल पुत्र बगदा, जातियान-कुम्हार (प्रजापति) 11. भारताराम पुत्र भगवानजी, माली, 12. रमेश कुमार पुत्र भीखा, 13. राकेश कुमार पुत्र बगदा, 14. रामलाल पुत्र बगदा, 15. लसाराम पुत्र मंगना, 16. लीलादेवी पुत्री बगदा, 17. वादीदेवी पत्नी भीखा, 18. शंकर पुत्र हिमता, 19. संतोषी देवी पुत्री बगदा, 20. सादलाराम पुत्र मंगना, 21. हंजादेवी पुत्री बगदा, जातियान - कुम्हार (प्रजापति) निवासीगण गोल उम्मेदाबाद, तहसील व जिला जालोर राज. जरिये हाजा इतला दी जाती है कि मुकदमे मुन्दज की पेशी वास्ते जवाब व पैरवी हेतु तारीख 17 माह 11 सन् 2025 मुकर्रर की गई है।

तारीख 27 माह 10 सन् 2025

मोहर

सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) जालोर